सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

विश्वविद्यालय–परिसर प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2024–2025
कार्यालय–ज्ञाप (तिथि वृद्धि 05.09.2024 से 15.09.2024 तक)

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में शास्त्री प्रथम सेमेस्टर/आचार्य प्रथम सेमेस्टर/संस्कृत प्रमाण पत्रीय प्रथम में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थियों के लिय निर्धारित तिथि 25.08.2024 तक थी। जिन छात्रों ने प्रवेशावेदनपत्र आनलाईन पूरित किया था उन छात्रों नव्याव्याकरण/साहित्य विभाग के निर्धारित सीट की मेरिट सूची तथा अन्य विभागों की सभी छात्रों की सूची प्रकाशित की जा चुकी है। उन छात्रों की काउन्सिलिंग दिनांक 05.09.2024 से 10.09.2024 तक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारम्भ हो चुकी है। साथ ही कुछ छात्रों द्वारा प्रवेशावेदनपत्र समय से आनलाईन पद्धति से पूरित न करने के कारण तिथि वृद्धि करते हुए सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित शास्त्री प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024–2027, संस्कृत प्रमाण–पत्रीय प्रथम, शैक्षणिक वर्ष 2024–25, आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024–26 के कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, प्रवेशावेदनपत्र विश्वविद्यालय की आनलाइन वेबसाइट **www.ssvvonline.in** के **"प्रवेश सत्र 2024–2025"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेशावेदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें। साथ ही यह भी सूच्य है कि जो छात्र छात्रावास में रहने के इच्छुक हैं, वे छात्रावास का विकल्प अवश्य चयन कर लें। छात्रावास का आवेदन–पत्र स्वतः जनित हो जाएगा, जिसे काउन्सिलिंग के समय जमा करना होगा।

शास्त्री प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024–27, आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024–26 तथा संस्कृत–प्रमाण–पत्रीय प्रथम सत्र 2024–25 के प्रवेशार्थियों की प्रवेश–प्रक्रिया को ऑनलाइन प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने के बाद वरीयता क्रम (मेरिट लिस्ट) के माध्यम से पूर्ण किया जायेगा।

सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश की तिथि 05.09.2024 से 15.09.2024 तक वृद्धि की जाती है।

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथियों तक प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर लें। शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर तथा संस्कृत प्रमाण पत्रीय प्रथम के छात्रों को अपना प्रवेशावेदनपत्र डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख लें। जिन्हें यथास्थान अपेक्षित अभिभावक/संरक्षक इत्यादि का हस्ताक्षर कराकर काउन्सिलिंग के समय उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने का यह अन्तिम अवसर है।

नोट 1– छात्रावास की सुविधा के इच्छुक प्रवेशार्थी द्वारा छात्रावास आवेदन–प्रक्रिया शुल्क के रूप में पंजीकरण शुल्क रू0 200/– के साथ ही रू0 100/– भी देय होगा।
2– काउन्सिलिंग की तिथि पृथक ज्ञाप द्वारा घोषित की जायेगी।
3– एण्टी रैगिंग शपथ–पत्र पर अभिभावक का हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

इस पर मा0 कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त है।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0सा0 – /2024 दिनांक – 05.09.2024
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –
1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– परीक्षा नियन्त्रक।
4– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
5– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
6– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
7– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
9– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
10– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी